# "Setting up Linux Environment Installation and Configuration"
# पर साइंस कॉलेज में अतिथि व्याख्यान

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दिनांक 11/03 /2025 को " **Setting up Linux Environment Installation and Configuration** " पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री राजू खूंटे सहायक प्राध्यापक, शास. दिग्विजय स्नातोकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव , जो कि लिनक्स और ओपन सोर्स टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक प्रमुख विशेषज्ञ हैं, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने लिनक्स ऑपरेटिंग सिस्टम की स्थापना प्रक्रिया, उसके विभिन्न संस्करणों के बारे में और लिनक्स के इंस्टॉलेशन के दौरान छात्रों को किस प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, इस पर विस्तृत जानकारी दी।

विशेषज्ञ ने लिनक्स के इंस्टॉलेशन और सेटअप की स्टेप-बाय-स्टेप प्रक्रिया को सरल और स्पष्ट तरीके से समझाया। साथ ही, छात्रों को लिनक्स के उपयोग के लाभ और इसके कार्यात्मक क्षेत्र के बारे में भी बताया। छात्रों ने इस सत्र के दौरान इंस्टॉलेशन के साथ-साथ सिस्टम को कस्टमाइज करने के टिप्स भी सीखे।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को लिनक्स इंस्टॉलेशन की सही प्रक्रिया समझाना था, ताकि वे इसे अपने प्रोजेक्ट्स और शैक्षिक कार्यों में सही तरीके से उपयोग कर सकें।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के द्वारा मुख्य वक्ता श्री राजू खूंटे को स्मृति चिन्ह प्रदान किया एवं उनके उत्कृष्ट योगदान और व्याख्यान के लिए धन्यवाद व्यक्त किया । कार्यक्रम में कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विद्यार्थी, शिक्षकों और तकनीकी क्षेत्र में रुचि रखने वाले अन्य लोगों ने भाग लिया।


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196604° Long 81.296443°
11/03/2025 10:46 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196389° Long 81.296874°
11/03/2025 12:47 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196546° Long 81.296448°
11/03/2025 10:42 AM GMT +05:30
Google